आईटीआई लिमिटेड ने ग्राहकों के लिए क्लाउड सेवाओं की शुरुआत की

- अग्रणी सिस्टम इंटीग्रेटर, कनेक्टिविटी आईटी सॉल्यूशंस के सहयोग से क्लाउड बिजनेस में प्रवेश ।
- आईटीआई का उद्देश्य भारत में सशक्त सरकारी संगठनों, बैंकों, छोटे और मध्यम उद्यमों और स्टार्ट अप्स के लिए अधिमानित क्लाउड सेवा प्रदाता बनना है ।
- क्लाउड ऑफ़र में प्लेटफ़ॉर्म जैसी सेवा (पीएएस), आधारभूत संरचना के रूप में सेवा (आईएएएस), सेवा के रूप में सॉफ़्टवेयर (एसएएएस) और सेवा के रूप में संग्रहण (एसटीएएएस) जैसी सेवाएँ शामिल हैं ।

बेंगलूरु, 26 सितंबर 2019: आईटीआई लिमिटेड, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक सार्वजनिक उपक्रम है जिसने आज भारत और केंद्र सरकार की संस्थाओं, बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, छोटे और मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स के लिए अपनी क्लाउड सेवाओं और समाधान प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया ।

नई चालू(लॉन्च) की गई क्लाउड सेवाओं में, आधारभूत संरचना के रूप में सेवा (आईएएएस), सेवा के रूप में प्लेटफ़ॉर्म (पीएएस), सेवा के रूप में सॉफ़्टवेयर (एसएएएस) और सेवा (एसटीएएएस) के रूप में संग्रहण शामिल हैं । क्लाउड सुविधा से बुनियादी ढांचे के इष्टतम उपयोग को प्राप्त करने और ग्राहकों के लिए विभिन्न आईसीटी-आईओटी आधारित अनुप्रयोगों के विकास और तैनाती को गति देने की उम्मीदें हैं । यह सरकारी और गैर-सरकारी उद्यमों को भी उनके अनुरोध पर आईसीटी सेवाओं को प्राप्त करने में मदद करेगा ।

डेटा सेंटर से इन सेवाओं की मेजबानी के लिए, आईटीआई ने कनेक्टिविटी आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (सीएस) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है, जहां आईटीआई अपनी डेटासेन्टर सुविधा में क्लाउड की मेजबानी करेगा, जबकि सीएस क्लाउड आधारभूत संरचना, अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं और तकनीकी जनशक्ति के साथ सहयोग करेगा ।

आईटीआई डेटा सेंटर के क्लाउड सेवाओं का शुभारंभ करते हुए, श्री के. अलगेसन, आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा कि, "आईटीआई विगत 10 वर्षों से भारत सरकार के संगठनों और निजी कंपनियों के साथ डेटा सेंटर के कारोबार में है । आईटीआई डेटा सेंटर द्वारा पेश की गई नई क्लाउड सेवाओं से आने वाले वर्षों में अपने सभी ग्राहकों को नए युग

के क्लाउड सेवाओं सहित आरंभ से लेकर अंत तक आईटी बुनियादी ढाँचा प्रदान करने की उम्मीदें हैं । यह पहल भारत सरकार की डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्मार्ट सिटी जैसी प्रमुख पहलों के लिए आईटीआई की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है”।

आईटीआई का डेटा सेंटर एसएएएस(सास) मॉडल पर प्रमाणीकरण उपयोगकर्ता एजेंसी, प्रमाणीकरण सेवा एजेंसी, केवाईसी सेवा एजेंसी आदि जैसी सेवाओं के साथ एक प्रमाणीकरण पोर्टल की मेजबानी, संचालन और प्रशासन करने के लिए सुसज्जित है ।

आईटीआई लिमिटेड के साथ अपने सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, श्री नरसिम्हा मूर्ति, प्रबंध निदेशक और सीईओ, कनेक्टिविटी सॉल्यूशंस ने कहा, "क्लाउड के कोडीकरण के साथ, हम आईटीआई के अनुभव का उपयोग कर सकते हैं और जनता को क्लाउड सेवाएं उपलब्ध करा सकते हैं । सीएस अच्छी तरह से अत्यधिक कुशल प्रमाणित क्लाउड पेशेवर के साथ और हमारे अपने क्लाउड सेवा स्वचालन और बिलिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके बहु-क्लाउड सेवाओं को कुशलतापूर्वक वितरित करने के लिए सुसज्जित है । क्लाउड का इस्तेमाल करने के लिए हम प्रमुख क्लाउड प्रदाताओं, स्वतंत्र सॉफ्टवेयर विक्रेताओं (आईएसवी) के साथ मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं । डिजिटल परिवर्तन धीरे-धीरे व्यवसायों का आदर्श बन गया है, हम अपनी क्षमताओं के साथ अपने ग्राहकों के लिए इस परिवर्तन में तेजी लाने का इरादा रखते हैं ।"

आईटीआई क्लाउड पहल 2017 में भारत सरकार द्वारा अनुशंसित किए गए दिशानिर्देशों के परिणामों में से एक है, जिसमें क्लाउड कंप्यूटिंग तकनीक का उपयोग करते हुए सरकारी विभागों द्वारा आईटी अवसंरचना की स्थापना एक ऐसे खंड के साथ की गई है जिसमें सभी डेटा को देश में संग्रहीत किया जाना चाहिए । आईटीआई डाटा सेंटर की क्लाउड सेवाएं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंक, केंद्र और राज्य सरकार के उपक्रमों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, कॉरपोरेट्स और बड़े उद्यमों को अपने डेटा को देश के भीतर स्थित करने में सक्षम बनाएगी।